<u>डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, राजस्थान</u>

<u>13-14 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर</u>

क्रमांक : DrAMWS/13639 दिनांक :26/07/2022

<u>कार्यकारिणी बैठक दिनांक 24.7.2022 का कार्यवाही विवरण</u>

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी की अत्यावश्यक बैठक का आयोजन दिनांक 24 जुलाई, 2022 प्रातः 11:30 बजे संस्था के अध्यक्ष डॉ. भजनलाल रोलन की अध्यक्षता में आहूत की गई | बैठक की शुरुआत करते हुए श्री अनिल गोठवाल महासचिव द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों/ सदस्यगणों का स्वागत करते हुए संस्था के सदस्यता कार्यक्रम चुनाव, समिति के पुनर्गठन, सदस्यता शुल्क, आगामी चुनाव को निष्पक्ष रुप से संपन्न करवाने आदि बिंदुओं पर उपस्थित सदस्यों को अपना विचार प्रकट करने हेतु निवेदन किया |

संस्था के आगामी चुनाव के संबंध में कतिपय लोगों द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर संस्था एवं वर्तमान कार्यकारिणी को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है | इस प्रकार के दुष्प्रचार से समाज में कटुता आती है, इस पर विराम लगना चाहिए | इस बिंदु पर भी उपस्थित सदस्यगणों के विचार आमंत्रित किए गए सदन में चर्चा उपरांत संस्था के आगामी चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने के लिए निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

1. <u>सदस्यता कार्यक्रम</u> :- 31 जुलाई 2022 तक संस्था में सदस्य बनाए जाने हेतु कार्यक्रम जारी है, इस कार्यक्रम के तहत सभी जिला इकाइयों व अन्य प्रत्याशियों द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2022 को रात्रि 12:00 बजे तक जमा आवेदन पत्रों को स्वीकार करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़े जाएंगे | कतिपय लोगों द्वारा सदस्यता शुल्क ऑनलाइन संस्था के खाते में जमा करवाया जा रहा है परंतु सदस्यता आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हो रहे हैं इस प्रकार के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना सदस्यता आवेदन पत्र दिनांक 31 जुलाई 2022 को निर्धारित समय तक जमा करावे अन्यथा मतदाता सूची में उनका नाम नहीं जोड़ा जाएगा | सभी जिला इकाइयों तथा प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 7 जुलाई, 2022 को संस्था द्वारा जारी आदेश के अनुरूप प्रारूप में सदस्यों की सूची (दो प्रतियों में) सहित एक्सल सॉफ्ट कॉपी में भी जमा करावे ताकि डाटा फिटिंग एवं आवेदन पत्रों की पावती देने में आसानी रहेगी |
2. <u>सदस्यता राशि बैंक में जमा कराना</u> : 31 जुलाई 2022 तक जयपुर संस्था मुख्यालय पर सीधे जमा होने वाले सदस्यता आवेदन पत्रों का शुल्क 410 रुपये मात्र मुख्यालय के बैंक खाते में

26.07.2022

25.7.22

जमा करवाया जाएगा | जिला इकाइयों के माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों के 410 रुपये सदस्य शुल्क में से 300 रुपये जिला इकाई के बैंक खाते में जमा करवाए जाएंगे तथा 110 रुपये जयपुर मुख्यालय में जमा करवाए जाएंगे तथा उसका विवरण जयपुर मुख्यालय भेजंगे | सम्पूर्ण 410 रुपये जमा कराने वाली जिला इकाइयों के हिस्से की राशि बाद में उनके बैंक खाते में स्थान्तरित कर दी जाएगी |

चुनाव के दौरान सभी जिला इकाईयों को चुनाव खर्च/व्यय के अतिरिक्त किसी भी मद में अनुमति नही होगी | चुनाव खर्च हेतु पृथक से अनुमति प्रदान की जावेगी |

3. **<u>चुनाव समिति</u>** :- आगामी चुनाव हेतु गठित चुनाव समिति के अध्यक्ष डॉ ललित के पवार से.नि. आईएएस के विदेश प्रवास के कारण चुनाव समिति का पुनर्गठन कर डॉ. बी.एल. आर्य आईएएस रिटायर्ड को चुनाव समिति का अध्यक्ष तथा श्री आर.के. आकोदिया से.नि. RHJS, श्री आर.पी सिंह से.नि. आईपीएस एवं एडवोकेट श्री बी.एल वर्मा से.नि. आरएएस को सदस्य बनाए जाने का निर्णय लिया गया है | पूर्व में जारी आदेशों के तहत चुनाव समिति में लगाये गए माननीय सदस्यगण यथावत रहेंगे |

4. **<u>संस्था के चुनाव</u>** : दिनांक 31 जुलाई 2022 तक प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की रसीद काटकर इनकी जांच की जाएगी तथा उसके बाद मतदाता सूची तैयार कर चुनाव समिति को सौंपी जाएगी जिसमें लगभग 2 सप्ताह का समय लगने का अनुमान है | इसके उपरांत चुनाव समिति आगामी चुनाव हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी करेगी | चुनाव कार्यक्रम के साथ साथ अन्य व्यवस्थाएं विधानसभा और लोकसभा चुनाव के तर्ज पर की जाएगी |

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने साढ़े 6 वर्षो के दौरान किए गए बेहतरीन कार्यो की प्रशंसा की तथा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि वर्तमान कार्यकारिणी ने उत्कृष्ट प्रयास कर संस्था में विकास के आयाम स्थापित किए हैं |

अंत में श्री बी.एल बेरवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की गई |

26.07.2022

(डॉ.भजनलाल रोलन)
अध्यक्ष

25.7.22

(अनिल कुमार गोठवाल)
महासचिव